हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 11 जुलाई 2024

06 अच्छी बारिश और सुख समृद्धि के लिए श्रृद्धालुओं ...



07 एक पेड़ मां के नाम अभियानः पुलिस कॉलोनी में 101 पौधे...





### 9 अवैध कॉलोनियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने के कलेक्टर ने दिए आदेश

# अवैध कॉलोनियों के खिलाफ जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई, 27 कॉलोनियों के विरूद्ध कार्रवाई प्रारंभ

**सीहोर नगरीय क्षेत्र की 18 अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध कार्रवाई प्रक्रियाधीन, अवैध कॉलोनियों में प्लाट, मकान की खरीदी-बिक्री और नामांतरण पर रोक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अवैध कॉलोनियों के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। सीहोर नगरीय सीमा में बिना किसी सक्षम अनुमति के विकसित की जा रही 27 अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट, मकान की खरीदी-बिक्री और नामान्तरण पर कलेक्टर सिंह ने रोक लगा दी है। इन कॉलोनियों में रहवासियों के लिए मूलभूत सुविधाएं और सक्षम अनुमतियां नहीं हैं।

खबर का असर

कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर सीहोर नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत 27 अवैध कॉलोनियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। इनमें 9 अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कलेक्टर प्रवीण सिंह ने दंडात्मक कार्रवाई के आदेश दिए हैं। शेष 18 कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई प्रक्रिया में है। इन अवैध कॉलोनियों के खिलाफ मध्यप्रदेश नगर पालिका नियम (कॉलोनी विकास) 22(3) के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है। कलेक्टर सिंह ने बताया कि जिले भर में अवैध कॉलोनियां चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

**इन 18 कॉलोनाइजर के खिलाफ चल रही है कार्रवाई :** कलेक्टर सिंह के निर्देश पर इन 18 कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्रवाई चल रही हैं। श्यामा पंसारी पति विनोद पंसारी ग्वालटोली सीहोर क्षेत्रफल 0.648, हुण्डेत एज्युकेशन सोसायटी द्वारा शरद हुण्डेत क्षेत्रफल 0.263 हेक्टेयर, रजनी राठौर पति पुनीत राठौर क्षेत्रफल 0.263 हेक्टेयर, देवेन्द्र आ० नारायण सिंह निवासी ग्वालटोली सीहोर क्षेत्रफल 0.263 हेक्टेयर, लक्ष्मीनारायण आ० मनीराम निवासी ग्वालटोली सीहोर क्षेत्रफल 0.263 हेक्टेयर, शांता बाई पति गोपीलाल यादव निवासी ग्वालटोली सीहोर 0.726 हेक्टेयर, कलावती पत्नी राजेन्द्र फरेला निवासी फरेला कॉलोनी सीहोर क्षेत्रफल 0.200 हेक्टेयर, रोहित महाजन आ० विजय कुमार महाजन निवासी छावनी सीहोर क्षेत्रफल 0.405 हेक्टेयर, दिनेश राठौर आ० सुखराम राठौर निवासी ग्वालटोली सीहोर 0.890 हेक्टेयर, रोमी आहूजा पति इंद्र कुमार निवासी भोपाल क्षेत्रफल 0.356 हेक्टेयर, राजू सत्येंद्र राठौर आ० जमनास प्रसाद निवासी गंज सीहोर क्षेत्रफल 0.405 हेक्टेयर, रवि यादव आ० बंशीलाल यादव निवासी ग्वालटोली सीहोर क्षेत्रफल 0.607 हेक्टेयर, शांतिदेवी पत्नि घनश्याम दास अग्रवाल निवासी छावनी सीहोर क्षेत्रफल 1.222 हेक्टेयर, रामप्यारी बाईपत्नि लक्ष्मण सिंह निवासी इंग्लिशपुरा सीहोर क्षेत्रफल 0.987 हेक्टेयर, मे०शाहिद आ० सलाम निवासी गाडीअड्डा सीहोर क्षेत्रफल 0.446 हेक्टेयर, देवेन्द्र सिंह चौहान आ० 2.398 हेक्टेयर, चरन सिंह चौहान निवासी देवेन्द्र नगर कॉलोनी सीहोर क्षेत्रफल 2.398 देवेन्द्र सिंह चौहान आ० चरन सिंह चौहान निवासी देवेन्द्र नगर कॉलोनी सीहोर क्षेत्रफल 0.890, लालीमारन आ० हरीश निवासी रातीबड भोपाल 1.841 हेक्टेयर के विरूद्ध कार्रवाई चल रही है।



फाइल फोटो

### इन 9 कॉलोनाइजर के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई के आदेश

कलेक्टर प्रवीण सिंह सीहोर नगर पालिका क्षेत्र के अन्तर्गत 9 अवैध कॉलोनियों के कॉलोनाइजर/भू-स्वामियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इन अवैध कॉलोनाइजर/भू-स्वामियों में कमला देवी पत्नी किशोरी लाल शमशान घाट के पास कस्बा सीहोर क्षेत्रफल 1.093 हेक्टेयर, अनिता राय पत्नी मनोहर राय निवासी कस्बा सीहोर क्षेत्रफल 0.334 हेक्टेयर, नफीस खान आ0 मोहम्मद खान निवासी कस्बा सीहोर क्षेत्रफल 0.203 हेक्टेयर, शावेजसिकी आ0 खलील अहमद निवासी कस्बा सीहोर क्षेत्रफल 0.405 हेक्टेयर, बनेसिंह आ रामबगस निवासी अल्हादाखेडी क्षेत्रफल 1.091 हेक्टेयर, करण सिंह आ0 रामबगस निवासी अल्हादाखेडी क्षेत्रफल 0.663 हेक्टेयर, रतन सिंह आ0 उंकारसिंह निवासी दांगी स्टेट सीहोर क्षेत्रफल 0,356 हेक्टेयर, अनीता राठौर आ0 संजय राठौर निवासी भोपाल नाका सीहोर क्षेत्रफल 0.815 हेक्टेयर, मोहन, लक्ष्मीनारायण आ0 प्रेमचंद निवासी मुरली सीहोर क्षेत्रफल 1.011 हेक्टेयर के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई के आदेश दिए गए।

### अवैध कॉलोनियों में प्लॉट-मकान नहीं खरीदने की अपील

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वे सस्ते दर पर प्लाट- मकान के लालच में अवैध कॉलोनियों में प्लाट या मकान नहीं खरीदें। जब भी वे किसी कॉलोनी में प्लाट या घर खरीदें तो पहले कॉलोनाइजर का वैधानिक रजिस्ट्रेशन तथा उसके द्वारा जो कालोनी विकसित की जा रही है उसकी समस्त शासकीय अनुमतियां उसके पास हो। नागरिकों से अपील है कि वे जिस कॉलोनी प्लाट या मकान खरीदना चाहते है उस कॉलोनी से संबंधित दस्तावेजों की अच्छी तरह जांच-पड़तल करने बाद ही खरीदने का निर्णय लें। इसके साथ ही यह भी देखें कि रहवासियों के लिए मूलभूत सुविधाएं विकसित की गई हैं या नहीं। कई बार अवैध कॉलोनियों में मकान बनाकर अनेक परेषानियों का सामना करना पड़ता है।

**हरिभूमि में प्रकाशित खबर**



लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगाने के बाद प्रशासन ने रोक दी थी मुहिम

अवैध कॉलोनियों पर फिर चलेगा बुल्डोजर होगी एफआईआर, प्रशासन करा रहा सर्वे

जिन अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन ने बुल्डोजर चलाया था उनमें फिर से रोड बना कर भूमाफिया बेचने लगे प्लाट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में बड़ी संख्या में अवैध कॉलोनी बन चुकी हैं और नई कॉलोनियों में प्लॉट कट रहे हैं। सीवेज से लेकर रोड, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाएं तक नहीं हैं। अब ऐसी बनने वाली नई अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसकी शुरुआत इस बार मंडी क्षेत्र से होगी, जहां अभी तक इस तरह की 15 से अधिक कॉलोनियां चिन्हित हो चुकी हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि सबसे पहले उन कॉलोनियों पर कार्रवाई होगी, जहां अभी सिर्फ कॉलोनी के नाम पर रोड बनाकर प्लॉट काटे जा रहे हैं। उसके बाद ऐसी कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाया जाएगा, जहां कुछ निर्माण हो गया है। जिले में सीहोर, आष्टा, इछावर, भैरूंदा, बुदनी, जावर सहित अन्य जगहों पर 500 से अधिक कॉलोनियां काटकर प्लाट बेच दिए हैं और बेचने की फिराक में हैं। लेकिन यहां अपने सपनों का आशियाना बनाने का सपना देख रहे लोगों को दस्तावेज दिखाकर मनमाफिक कीमत में प्लाट व मकान बेच देते हैं। इन कॉलोनियों में रजिस्ट्री तो हो जाती है, लेकिन विकास से आज भी कोसों दूर हैं। इससे शासन के राजस्व सहित भू-स्वामी को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

कुछ कॉलोनियों पर कार्रवाई कर बीच में छोड़ दी थी मुहिम

लोकसभा चुनाव के आचार संहिता लगाने से पहले जिला प्रशासन ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ एक मुहिम शुरू की थी। इस दौरान सीहोर, इछावर और आष्टा में कुछ गिनी चुनी कॉलोनियों पर कार्रवाई कर जेसीबी उनके स्टेक्टर को तोड़ा था। शहर में भी शेरपुर, गणेश मंदिर के पीछे, इंदौर नाका और लुनिया चौराहे के पास पुराने जिला पंचायत भवन के पास काटी जा रही अवैध कॉलोनियों पर बुल्डोजर चलाया था। लेकिन लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के बाद मुहिम ठंडे बस्ते में चली गई। प्रशासन अब एक बार फिर से अवैध कॉलोनियों का सर्वे कर रहा है।

एफआईआर करने केवल सूची जारी हुई, कार्रवाई नहीं

जिला प्रशासन ने अवैध कॉलोनाजरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बीते साल अवैध कॉलोनाइजरों पर एफआईआर दर्ज करने के लिए एक लिस्ट जारी की थी। एफआईआर के लिए, सिर्फ 19 कॉलोनाइजरों की सूची जारी की गई थी। लेकिन अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं गई है। ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण अवैध कॉलोनियों में प्लॉट लेकर मकान बनाने वाले सुविधाओं के लिए परेशान होते रहते हैं।

मुहिम फिर होगी शुरू

अवैध कॉलोनियों का फिर से सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे पूरा होने के बाद फिर से मुहिम को शुरू करेंगे। साथ ही अवैध कॉलोनाजरों पर एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

तन्मय वर्मा, एसडीएम सीहोर

## खबर संक्षेप

### विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**सीहोर।** नगर के गंज में 27 वर्षीय महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार वर्षा पति कपिल सोनी निवासी गंज ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। महिला की एकवर्ष के लगभग की बेटी भी है। एकाएक उसने फांसी किस कारण से लगाई, पुलिस इसकी जांच कर रही है। वहीं इसके पीछे घरेलू विवाद बताया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने फांसी पर झूलते हुए वर्षा के शव को नीचे उतारा।

### सुपर स्टार डांस काम्पटिशन 14 को

**सीहोर।** नगर की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से नगर के भोपाल नाका मुरली रोड पर स्थित ब्लु स्टार के सभागार में भव्य व विशाल सुपर डांस काम्पटिशन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नगर की प्रतिभाओं द्वारा अपने हुनर का प्रदर्शन कर डांस की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देगें। डांस कम्पटीशन चार केटेगिरी में सम्पन्न होगा जिसमें ट्रेडिशनल डांस फार्म में जुनियर व सिनियर वर्ग एवं वेस्टन डांस फार्म में जुनियर व सिनियर वर्ग सम्पन्न होगा। विजय प्रतिभागियों को चमचमाती ट्राफ व प्रत्येक प्रतिभागियों को शील्ड प्रदान की जावेगी। आयोजन समिति के संयोजक प्रदीप नागिया, आशीर्ष गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर नगर की उत्कृष्ठ प्रतिभाओं का स्वागत सम्मान कर सम्मानित किया जायेगा। नागिया ने बताया कि डांस काम्पटिशन में शामिल होने वाले प्रतिभागी अपना पंजीयन प्रदीप नागिया एवं आशीष गुप्ता से सम्पर्क कर प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। प्रतियोगिता 14 जुलाई को दोपहर 3 बजे प्रारंभ होगी।

### स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया में होगी भर्ती

**सीहोर।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने सेल्स मैनेजर ट्रेनी के पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार सेस की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। आवेदन 25 जुलाई तक किए जा सकेंगे। आवेदक की अधिकतम आयु 28 वर्ष निर्धारित की गई है। परिजन को तत्काल मिलेगा पीएफ सीहोर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने हादसे में मृत होने वाले कर्मचारियों के परिजनों को पीएफ, पेंशन, इंश्योरेंस तत्काल देने की सुविधा शुरु की है। इसके तहत मृत कर्मचारियों के परिजनों को नियमानुसार भविष्य निधि, पेंशन व बीमा का लाभ तत्काल मिलेगा। इसके लिए ईपीएफओ द्वारा तत्पर पोर्टल शुरू किया गया है। सभी संस्थानों ने नियोक्ताओं को निर्देश दिए हैं कि वे कर्मचारियों से जुड़ी सभी जानकारी तत्पर पोर्टल पर अपलोड कर दें।

# सीएमएचओ कार्यालय में घटिया जीर्णोद्धार का काम हो रहा, बारिश में बह गया डेम प्रूफ, पुट्टी भी टपकने लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सरकारी महकमों में किस तरह शासकीय राशि का दुरुपयोग और बंदर बाट की जाती है, इसकी बानगी आप सीहोर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में देख सकते हैं। जहां भवन जीर्णोद्धार कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीलन और टपकती छत को रोकने के लिए डेम प्रूफ बारिश हल्का और इतना घटिया लगाया गया की हल्की बारिश में ही निकल गया, वहीं पुट्टी भी निकलने लगी है। इससे साफ पता चलता है कि ठेकेदार द्वारा जहां घटिया और स्तरहीन सामग्री का इस्तेमाल किया गया।

गौरतलब है कि सीएमएचओ कार्यालय भवन बीते कई सालों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जगह-जगह से दीवारों में दरारें, सीलन, प्लास्टर उखड़ रहा था, छत टपक रही थी तो बिल्डिंग का रंग-रोगन भी नहीं हुआ। जिससे वहां कार्यरत कर्मचारियों को बारिश में काफी परेशानी होती है। जिसे देखते ही भवन का जीर्णोद्धार कार्य का ठेका दिया। बीते कुछ दिनों से यहां मरम्मत, पुट्टी और रंग-रोगन कार्य किया जा रहा है। लेकिन बेहद घटिया सामग्री का इस्तेमाल जीर्णोद्धार में किया गया है।





### 11 लाख में होना है जीर्णोद्धार

उल्लेखनीय है भवन का जीर्णोद्धार कार्य 11 लाख रुपए से किया जाना है। लेकिन कार्यालय की छत पर किया गया डेम प्रूफ बारिश में अभी से निकल गया है। पुट्टी भी सही नहीं की गई, दीवारों की दरारों को सही भरा नहीं गया, बेहद पतली और घटिया पुट्टी और रंग-रोगन कार्य यहां किया जा रहा है। जिससे कार्यालय के कर्मचारियों में भी काफी नाराजगी है।

**जिम्मेदारों की अनदेखी :** कार्य को लेकर ठेकेदार की लापरवाही के साथ ही मनमानी भी देखने को मिल रही है। बताया जा रहा है कि भवन रैनोवेशन का ठेका करीब छह माह पहले भी स्वीकृत हो चुका था, लेकिन मनमानी बरतते हुए ठेकेदार ने कई महीने गुजार दिए। अब बारिश के समय रैनोवेशन किया जा रहा है। जबकि घटिया निर्माण को लेकर जिम्मेदारों का कोई ध्यान ही नहीं है, विभागीय इंजीनियर ने जहां अभी तक कार्य का निरीक्षण नहीं किया।

इस संबंध में एनएचएम के इंजीनियर मनोहर कुशवाह का कहना है कि ठेकेदार से बोल कर बेहतर कार्य करवाया जाएगा।

### जाति प्रमाण-पत्र बनवाने अब आवेदक की या परिवार की समग्र आईडी होना अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदक की या परिवार की समग्र आईडी होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे.वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछडे.वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

# जिले में अब तक 205 एमएम बारिश हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में एक जून से अब तक 205.3 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 243.1 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से आज तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 250.9, मिलीमीटर, श्यामपुर में 266.5, आष्टा में 187, जावर में 164.3, इछावर में 384.5, भैरूंदा में 128, बुधनी में 117 तथा रेहटी में 144.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

**नेत्र संक्रमण से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी :** लोगों में नेत्र संक्रमण तेजी से फैल रहा है। नेत्र संक्रमण की रोकथाम करना अति आवश्यक है। नेत्र संक्रमण से बचने के लिए अपनी आंखों को छूने से पहले हाथ आवश्यक रूप से धोएं। संक्रमित व्यक्ति अपना टॉवल, तकिया, आई ड्रॉप आदि उपयोग की गई वस्तुएं घर के अन्य सदस्यों से अलग रखें। स्विमिंग पूल तालाबों के प्रयोग से बचे। कांटेक्स लेंस पहना बंद करें और अपने नेत्र चिकित्सक की सलाह के अनुसार ही फिर इसे शुरू करें। आंखों के सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग न करें। यदि आंखों में लालिमा हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से परामर्श लें। डॉक्टर के सलाह के बिना कोई भी ड्रॉप का उपयोग न करें।



### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे।

# ऑयल बॉल से ठहरे हुए पानी में पनपने वाला लार्वा होगा नष्ट

**सीहोर।** अब डेंगू, मलेरिया की रोकथाम के लिए ऑयल बॉल बनाकर रुके पानी में डालने का अभियान चलेगा। जानकारी के अनुसार 16 जुलाई को सम्पूर्ण जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जिले के समस्त शासकीय विभाग समन्वित रूप से अपने अपने क्षेत्रों में टीम बनाकर ऑयल बॉल डालेंगे। यह कार्य सुबह 10 बजे से 11 तक किया जाएगा। इस गतिविधि के छोटे-छोटे वीडियो बनाकर स्थानीय ग्रुपों में शेयर करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान के 10 दिवस बाद उसी प्रकार फिर ऑयल बॉल उसी स्थान पर डाली जाएगी। इससे ठहरे हुए पानी में पनपने वाला लार्वा नष्ट होगा। इस ऑयल बॉल को पेयजल स्त्रोतों व बहते हुए पानी में नहीं डाला जाए। बताया गया है की आरा मशीन कारपेंटर की शॉप से लकड़ी का बुरादा एकत्र कर, पुरानी चादर या घर के फटे हुए काटन के कपडे.से बॉल का निर्माण कर गाड़ी के जले हुए तेल में डुबा कर ठहरे हुए पानी में डालना है। यह सस्ती व सुलभ विधि है। इस बॉल के तेल की परत ठहरे हुए पानी की सतह पर जम जाती हैं, जिससे मलेरिया एवं डेंगू के एनाफिलीस एवं एडीस मच्छर के लार्वा ऑक्सीजन न मिलने के कारण पानी के अन्दर ही नष्ट हो जाते हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायतों को 100 बॉल व शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड को 50 बॉल निर्माण के निर्देश दिए गए हैं।




## करीब चालीस एकड़ क्षेत्र में की गई है श्रद्धालुओं को ठहराने की व्यवस्था

# कुबेरेश्वरधाम पर मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूप और पानी से श्रद्धालुओं को बचाएगा वाटर प्रूफ पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में विठलेश सेवा समिति के तत्वावधान में गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन गुरुदेव भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में किया जाएगा। आगामी 14 से 21 जुलाई तक होने वाले इस भव्य आयोजन को लेकर समिति की विशेष बैठक का आयोजन किया गया था। इस मौके पर गुरुदेव पंडित मिश्रा सहित समिति और आस-पास के क्षेत्रवासी शामिल थे। भव्य पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। करीब चालीस एकड़ क्षेत्र में श्रद्धालुओं को ठहराने, कथा का श्रवण करने, भोजन करने के अलावा अन्य के लिए वाटर प्रूफ पंडाल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। मंगलवार को विठलेस सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा आदि ने यहां पर निर्माण कार्य की व्यवस्था देखी। यहां पर लगाए जाने वाले वाटर प्रूफ पंडाल से आने वाले श्रद्धालुओं को धूप और पानी से बचाएगा। इन पंडाल में एक साथ तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था हो सकती है।




इस संबंध में विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि करीब 40 एकड़ के मंदिर परिसर में अनेक भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। 14 जुलाई से आरंभ होने वाले इस आस्था के महाकुंभ में लाखों की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन आऐंगे सात दिन कथा का आयोजन किया जाएगा और 21 जुलाई को गुरुदीक्षा प्राप्त करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा के द्वारा भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम का प्रसारण भी चैनल सहित अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाएगा, जिससे करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं को जीवन में गुरु के महत्व और ईश्वर की आस्था के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि हर साल गुरु के प्रति अपनी आस्था दिखाने के लिए आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर गुरु पूर्णिमा का त्योहार मनाया जाता है। इस वर्ष गुरु पूर्णिमा का त्योहार मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गुरु पूर्णिमा का पर्व महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसीलिए इसे व्यास पूर्णिमा या गुरु पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में होने वाले भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन, क्षेत्रवासी, सभी समाजों के अलावा समिति के द्वारा व्यवस्था की जा रही है। यहां पर श्रद्धालुओं के बैठने के लिए अनेक पंडाल के अलावा, उपचार केन्द्र, शौचालय आदि की व्यवस्था की जा रही है। वहीं समिति ने भी अपनी ओर से यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वहीं जिला प्रशासन भी लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए तैयार है।

# ट्रैक्टर के पीछे 500 लीटर की बंधी थी टंकी, घाटी पर पलटा, किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इछावर क्षेत्र के गांव लसुड़िया कांगर में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में 35 वर्षीय किसान की मौत हो गई। ट्रैक्टर के पीछे 500 लीटर की टंकी बंधी हुई थीं। ऐसे में घाटी चढ़ाने के दौरान ट्रैक्टर आगे की ओर से उठकर पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से किसान की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार इछावर तहसील के ग्राम लसुड़िया कांगर में मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे यह हादसा हुआ। 35 वर्षीय सुरेश वर्मा खेत में दवा का छिड़काव करने गया था। बीच में करीब 4 से 5 फीट ऊंची घाटी चढ़ाने में ट्रैक्टर अनियंत्रण होकर पलट गया। जिसके कारण सुरेश वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए इछावर पहुंचाया गया।

**खबर संक्षेप**



### भाजपा मंडल अध्यक्ष का किया स्वागत

**सीहोर।** इंग्लिशपुरा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सीहोर भाजपा मंडल के नवागत अध्यक्ष सुदीप सम्राट का अतिशबाजी चलाकर ढोल ढमाकों के साथ भव्य स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने युवा भाजपा नेता मनोज शर्मा के नेतृत्व में खुशी व्यक्त करते हुए नवागत अध्यक्ष सम्राट को मिठाई खिलाकर पुष्प मालाऐं पहनाई। मडंलाध्यक्ष सुदीप सम्राट ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व के द्वारा दी गई जिम्मेदारी को हम सभी मिलकर निभाएंगे भारतीय जनता पार्टी से नये कार्यकर्ताओं को जोड़ेंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।भाजपा युवा नेता मनोज शर्मा ने सक्रिय कार्यकर्ता सुदीप सम्राट को नगर अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा,सासंद आलोक शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, विधायक सुदेश राय सहित समस्त वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। मधुर खाटूश्याम परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से शंकरलाल शर्मा,ममता शर्मा, रामपाल सिंह वर्मा, संतोष कुमार वर्मा, मनोहर सिसोदिया, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्यामाबाई विश्वकर्मा, पूनम राजपूत, रवि वर्मा, दिनेश वर्मा, प्रदीप तोमर, हरीश विश्वकर्मा, संभव पारासर,राकेश मेवाड़ा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अस्पतालों में टीबी रोग का उपचार निःशुल्क

**सीहोर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का इलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का ईलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को ईलाज लेने पर 500 रुपए पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी से बचने के लिये सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संस्थाओं पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

### वित्तीय सहायता योजना के आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** केंद्र सरकार की वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त करने के इच्छुक बीड़ी, चूना पत्थर, डोलोमाइट एवं लौह-मैंगनीज-क्रोम अयस्क की खदानों में कार्यरत श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत बच्चों के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र छात्र-छात्राएं प्री मैट्रिक के लिए 31 अगस्त एवं पोस्ट मैट्रिक के लिए 31 अक्टूबर तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत कक्षा एक से उच्च शिक्षा ग्रहण करने पर छात्रवृत्ति की राशि 1 हजार रुपए से अधिकतम 25 हजार रुपए स्वीकृत की गई है।

---

**श्री गणेश के जलाभिषेक के लिए एक दर्जन गांव के लोगों ने की 20 किमी की पदयात्रा**

# अच्छी बारिश और सुख समृद्धि के लिए श्रृद्धालुओं ने किया गणेश का जलाभिषेक

हर वर्ष अषाढ़ के माह में ग्राम पार्वती के लोग पार्वती नदी में से जल भरकर व झंडा लेकर हजारों की तादाद में पैदल जत्थे के रूप में ऐतिहासिक चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अच्छी बारिश की कामना को लेकर एक दर्जन से अधिक गांव के महिला-पुरुष पार्वती नदी का जल लेकर चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचा। करीब 20 किमी की पदयात्रा के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान का जल से अभिषेक किया। उसके बाद विधि विधान से पूजा-अर्चना कर अच्छी बारिश, सुख समृद्घि और अच्छी फसल की कामना की।

हर वर्ष अषाढ़ के माह में ग्राम पार्वती के लोग पार्वती नदी में से जल भरकर व झंडा लेकर हजारों की तादाद में पैदल जत्थे के रूप में ऐतिहासिक चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचते हैं। इस दौरान रास्ते में पडऩे वाले दर्जनों गांव के लोग यात्रा का स्वागत कर जत्थे में शामिल हो जाते हैं। श्रद्धालुओं का जत्था पार्वती गांव से बुधवार सुबह करीब 20 किमी की पदयात्रा कर ऐतिहासिक गणेश मंदिर पहुंचा। जत्थे में पिपल्या नगर (रेल्वे स्टेशन पार्वती ) ग्राम बावड़िया मैना, जंगीखेड़ी, खजूरी अलादाद, मूडलाकलॉ, कराड़ियाभील बिजौरा, बिजौरी, नयापुरा, बकतल, कौड़िया छितु लोंदिया सहित दर्जनों ग्राम के लोग शामिल थे। जत्थे में शामिल डा. पूरण सिंह ने बताया कि यह परम्परा कई वर्षों से चली आ रही है, जिसमें सभी ग्रामीण बड़े सद्भाव और सौहार्द्र के साथ हिस्सा लेते हैं। बुधवार को चिंतामन गणेश मंदिर पर भगवान गणेश का माता पार्वती के जल से अभिषेक के साथ पूजा अर्चना की गई।



इस यात्रा में हमारे आस पास के लोगों की खुशहाली के साथ अच्छी फसल और बारिश की कामना करते है। ताकि किसान को अच्छी पैदावार मिल सके। हमारे पास भी पानी की कमी न रहे। नदी तालाब सब भरे रहे। जिले के लोगों ने इस दौरान बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी लोग इस दौरान बहुत ही खुश नजर आ रहे थे। सभी ने भगवान का आर्शीवाद लिया और प्रसाद खाया। इस दौरान सभी को सुकून और शांति की अनुभूति हुई।

---

## श्री सिद्ध हनुमान मंदिर के द्वितीय तल निर्माण का किया शिलान्यास



**सीहोर।** शहर के छावनी सब्जी मंडी नमक चौराहा स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर पर इन दिनों तेजी से निर्माण कार्य किया जा रहा है। स्थानीय कलाकारों के द्वारा मंदिर में सफेद मार्बल का कार्य किया जा रहा है। जिससे यह मंदिर रात्रि को रंग बिरंगी रोशनी में रोशन हो जाता है। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में मंदिर के द्वितीय तल का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, श्री सिद्ध हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, सचिव निलेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष विशाल सेन आदि शामिल थे। इस संबंध में समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शहर के मध्य विशाल मंदिर में नीचे हाल है। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं के ठहरने की उत्तम व्यवस्था की जाती है, अब मंदिर परिसर के द्वितीय तल का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद दो कमरे और एक भव्य हाल का निर्माण हो जाने के बाद करीब पांच सौ से अधिक श्रद्धालुओं के ठहरने की निशुल्क व्यवस्था हो जाएगी। शहर में कांवड यात्रा, रुद्राक्ष महोत्सव के अलावा अन्य आयोजन होते है। श्री सिद्ध हनुमान मंदिर समिति यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के ठहराने के अलावा भोजन प्रसादी की व्यवस्था करती आ रही है। शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि पंडित मिश्रा ने कहा कि शहर के मध्य हनुमान जी का यह मंदिर भव्य है और यहां पर समिति के द्वारा जो कार्य किया जा रहा है, वह काफी सराहनीय है।

---

## चौकी भवन गोपालपुर से हटेगा पुलिस थाना गोपालपुर का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



जगदीश प्रसाद पिता गोवर्धन शर्मा निवासी गोपालपुर द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सहित पुलिस अधीक्षक सीहोर एवं थाना प्रभारी गोपालपुर के बिरुद्ध एक दावा सिविल न्यायालय नसरुल्लागंज मे अपने अधिवक्ता लइक अहमद के माध्यम से अपनी भूमी सर्वे नंबर 178/179,180/1 रकवा 0.045 हेक्टेयर का कब्जा दिलाए जाने हेतु पेश किया था जिसके अनुसार वादी जगदीश के पिता स्वर्गीय गोवर्धन शर्मा द्वारा गांव में स्कूल नहीं होने के कारण अपना भवन एवं भूमि स्कूल संचालन के लिए दी गयी थी जो शासकीय स्कूल भवन बनने के बाद खाली हो गई थी तथा ग्राम गोपालपुर मे बढते अपराध के कारण जब शासन ने चौकी बनाने का आदेश दिया तब जगदीश प्रसाद ने अपना उक्त भवन एवं भूमि चौकी संचालन के लिए दी थी परंतु पुलिस थाना वहां से स्थानांतरित होने के बाद भी पुलिस अपना कब्जा हटाने को तैयार नही थी तब जगदीश प्रसाद ने न्यायालय का दरबाजा खटखटाया। न्यायालय में पुलिस की ओर से यह कहा गया था कि जगदीश प्रसाद के पिता गोवर्धन ने उक्त भवन व भूमि स्कूल के लिए दान की थी परंतु पुलिस अपना पक्ष न्यायालय में सिद्ध नहीं कर पाई जिसमें अपर जिला न्यायालय द्वारा 28 अक्टूबर 21 को जगदीश प्रसाद के पक्ष में फैसला दिया गया था तब से जगदीश प्रसाद चौकी भवन का कब्जा लेने के लिए कानूनी कार्यवाही करता रहा परंतु पुलिस थाना गोपालपुर द्वारा जगदीश को कब्जा नहीं दिया गया तब जगदीश की ओर से न्यायालय मे डिक्री के पालन हेतु याचिका लगाई गई जिसमे न्यायालय ने आज आदेश पारित करते हुए 9 अगस्त 24 तक गोपालपुर चौकी वाली भूमि का कब्जा जगदीश प्रसाद को सौपने हेतु तहसीलदार नसरुल्लागंज एवं न्यायालय के नजारत विभाग को पत्र जारी करने का आदेश दिया है । इस प्रकरण मे जगदीश की ओर से अधिवक्ता लइक अहमद, महेंद्र महेश्वरी, नितेश यादव एवं हितेश अग्रवाल पैरवी कर रहे हैं ।

---

## सड़क पर फल सब्जी बेचने वाले दुकानदारों पर की चलानी कार्रवाई



**भैरूंदा।** नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारियों, थाना प्रभारी सहित पुलिस बल ने सड़क पर लगे हाथ ठेले फल, सब्जी, फुल्की, आइसक्रीम बेचने वाले दुकानदारों पर चलानी कारवाही कर जुर्माना लगाया। दुकानों से प्रतिबंधित पॉलिथीन भी जब्त की गई।

पुलिस बल के साथ नगर परिषद कर्मचारियों ने सड़क पर लगे थाने के सामने से इन्दौर भोपाल रोड़ किनारे पर लगे हाथ ठेले वालों पर चलानी कार्रवाई पर अभियान चलाया। अनाधिकृत स्थल पर आइसक्रीम फुल्की के दुकानदारों जुर्माना वसूल किया। इसी तरह सड़क पर ठेला लगाकर फल और सब्जी बेचने पर दुकानदारों का चालान काटा। अनेक दुकानदारों के पास से प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की। दुकानदारों पर जुर्माना भी वसूला गया। थाना प्रभारी ने कहा कि सड़क एवं फुटपाथ पर दुकानें लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सड़कों एवं फुटपाथों पर अतिक्रमण न करें। निरंतर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। दुकानदार अस्थाई अतिक्रमण स्वयं हटा लें।

---

## किसानों को उन्नत बीज और खेती की नई तकनीक का उपयोग करना चाहिए: कलेक्टर

**कलेक्टर ने ग्राम साँकल, छतरपुरा में बीज उत्पादक समिति की देखी गतिविधियां**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर विकासखंड के ग्राम सांकल, छतरपुरा स्थित श्री राम बीज उत्पादक समिति का कलेक्टर प्रवीण सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्था के गोदाम तथा बीज प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने जिले के किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान कृषि विभाग के उप संचालक केके पाण्डे सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय किसान उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने बीज तैयार करने के सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बीज प्रसंस्करण की संपूर्ण प्रक्रिया ग्रेडिंग, पैकेजिंग तथा भंडारण और विक्रय की व्यवस्था देखी। इस समिति द्वारा लगभग 900 क्विंटल बीज उत्पादन किया जाता है। क्षेत्र के 1000 से अधिक किसानों द्वारा इस बीज उत्पादक समिति से बीज लिया जाता है। कलेक्टर सिंह ने उपस्थित किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि उन्नत बीज का उपयोग तथा नवीनतम कृषि पद्धतियों का उपयोग करने के लिए कहा। उन्होंने किसानों से कहा की खेती में आ रहे बदलाव के बारे में अपडेट रहना चाहिए और खेती के दौरान कृषि वैज्ञानिकों की सलाह के अनुसार खाद, बीज और कीटनाशकों का उपयोग करना चाहिए।

---

## एक पेड़ मां के नाम के संकल्प के साथ किए गए पौधे रोपित



**सीहोर ।** श्री सत्य साईं प्रौद्योगिकी और चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जिला सीहोर (मध्य प्रदेश) के मैनेजमेंट विभाग द्वारा बुधवार को विश्वविद्यालय में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. सौजन्य श्रीवास्तवा, विभागाध्यक्ष प्रदीप माहेश्वरी, आशुतोष फरेला, प्रियंका फरेला, छात्र-छात्राएं, सम्मिलित होकर पर्यावरण संरक्षण और हरित कार्यों के प्रति अपनी सक्रिय भागीदारी दर्शाई। इस उत्सव में नए पौधे लगाए गए और वातावरण संरक्षण के महत्व पर जागरूकता फैलाई गई। इस अद्वितीय पहल के माध्यम से हमने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी साझी जिम्मेदारी को साबित किया है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया।

---

**महासंघ का कहना है नवाचार के रूप में तुगलकी फरमान का किया विरोध**

## महिला स्वसहायता समूह महासंघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




महिला स्वसहायता समूह महासंघ के पदाधिकारियों ने शहर के लीसा टाकीज स्थित सीहोर विधायक कार्यालय में पहुंचकर लोकप्रिय विधायक सुदेश राय से भेंट कर नवाचार के रूप में तुगलकी फरमान का विरोध करते हुए कहा कि तत्काल हमारी मदद करे। महासंघ ने ज्ञापन में कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत सभी संभागों की एक-एक परियोजना की सभी आंगनबाड़ियों पर भोजन नाश्ता बनाने और खिलाने का काम वहां पूर्व से गठित महिला स्वसहायता समूह से छीन कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को देने की योजना बनाई है। इसकी सूचना सामाचार पत्रों से मिल रही है। प्रांतीय महिला समूह संघ महिला बाल विकास विभाग द्वारा नवाचार के रूप में तुगलकी फऱमान का विरोध करता है। इस संबंध में घ्यान निम्न बिंदुओं के माध्यम से अवगत करा रहे हैं। इस व्यवस्था पर पुनर्विचार किया जाए क्योंकि 2007 से पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका तदर्थ समिति के माध्यम से भोजन बनाकर बच्चों को खिलाती थी तब कार्यकर्ताओं पर सेक्टर सुपरवाइजरों तथा सीडीपीओ के माध्यम से इस योजना में फर्जीबाड़ा करने के आरोप खूब लगते थे, जिससे कुपोषण भी चरम पर पहुंच गया था। 2007 के बाद महिला स्व सहायता समूहों को जब से पोषण आहार की व्यवस्था सौंपी है तब से मध्य प्रदेश में कुपोषण ग्राफ तेजी से गिरा है। आंगनबाड़ियों पर कार्यकर्ता सहायिकाओं से भोजन नाश्ता बनाने खिलाने की जिम्मेदारी देने से आईसीडीएस की वह गतिविधियां प्रभावित होगी जिसकी उम्मीद सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से लगाए हुए हैं। अगर महिला स्व सहायता समूहों से आंगन बाड़ी के पोषण आहार का काम छीना गया तो लाखों की संख्या में मध्य प्रदेश में महिला स्वसहायता समूह से जुडे परिवार बेरोजगार हो जाएंगे जिससे सरकार की छवि महिला विरोधी और प्रदेश की जनता को बेरोजगारी में धकेलने वाली बन जाएगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लिए गए तुगलकी और जन विरोधी निर्णय पर रोक लगाई जाए। अगर निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया गया तो पूरे प्रदेश में प्रांतीय महिला स्वसहायता समूह महासंघ से जुड़ी 12 लाख महिलाएं समूह संघ के इस महाहड़ताल पर बैठेंगी एवं बैनर तले मध्यप्रदेश राजधानी भोपाल की सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रानी बाई, मथुरा प्रसाद गिरी, समूह अध्यक्ष अनीता बाई, प्रेम बाई, घनश्याम ठाकुर, ओमवती बाई, कमल सिंह, सुनीता कुशवाहा, सावित्री, ममता बाई, भगवती, कृष्णा, गायत्री, विद्या बाई और कृष्णा बाई आदि शामिल थी।

---

## सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग और दादा गुरु पहुंचे विजयासन धाम सलकनपुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

निराहर बाबा दादा गुरु एवं मध्य प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग आज विजयासन धाम सलकनपुर पहुंचे जहां पर दादा गुरु एवं मंत्री विश्वास सारंग ने माता विजयासन की पूजन अर्चना का दर्शन किए दादा गुरु एवं विश्वास सारंग काफी देर तक माता विजयासन के दरबार में बैठकर पूजा की जिसके बाद वह मौजूद महंत द्वारा दादा गुरु एवं मंत्री विश्वास सारंग सहित अन्य लोगों को चुनरी भेंट की इसके बाद सलकनपुर में मंत्री विश्वास सारंग एवं दादा गुरु ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया। बता दे की सलकनपुर में मंत्री विश्वास सारंग एवं दादा गुरु ने 51 पौधे लगाए हैं इस मौके पर दादा गुरु के अनुयाई एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कार्यमुक्त हुए निकले 8 दिन पर अभी तक नहीं पहुंचे मूल पदस्थापना पर

## वरिष्ठ कार्यालय, सीएमएचओ व सिविल सर्जन के आदेशों को चुनौति, क्यों नहीं छोड़ा जा रहा जिला मुख्यालय ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा




जिला मुख्यालय पर अपने कार्य से मुक्त हुए डॉ कठेरिया को आज 8 दिन हो जाएंगे, परंतु मजाल है कि मूल पदस्थापना पर जाकर उन्होंने अपनी सेवाएं भी दी हों। हठधर्मिता इस कदर की जिला मुख्यालय पर ही काम करना है। डॉ कठेरिया पुराने दिन नहीं भूल पा रहे हैं। उसी समय उन्हीं के स्टॉफ के एक डॉक्टर द्वारा भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए गए थे। हालांकि सूत्र बताते हैं कि उन दिनों कैदी भी बहुत बीमार हुए जो अस्पताल में 7-7 दिन तक भर्ती रहकर अपना इलाज कराया करते थे। कई ओर ऐसे कारण हैं जिनके कारण मुख्यालय पर रहना जरूरी है। फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर पर निश्चित तौर वह सुविधाएं नहीं जो जिला मुख्यालय पर सुलभ उपलब्ध हो जाती है। परंतु खुजनेर के ग्रामीण मरीजों के लिए कुछ दिन अपनी सेवाएं तो दी ही जा सकती हैं। जिससे जिला मुख्यालय पर जो क्वार्टर की कमी चह रही है वह भी दूर हो जाएगी और कम से कम जो सिविल सर्जन बाहर रहने को मजबूर है उन्हें भी स्टाफ क्वार्टर मिल जावेगा जिससे जिला स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं में और निखार आ सकेगा।

### जानबूझकर निकाले जा रहे दिन !

चूंकि वरिष्ठ कार्यालय से संज्ञान के बाद डॉ कठेरिया के अटैचमेंट को खत्म करने के आदेश हुए और सीएमएचओ डॉ किरण वाडीवा ने बिना देर किए 22 जून 2024 को डॉ कठेरिया का मूलपदस्थापना खुजनेर जाने के आदेश जारी किए। परंतु डॉ कठेरिया समय निकालने में लगे रहे जिससे किसी तरह जिला मुख्यालय न छोड़ा जाए। तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ रूपसिंह परिहार ने भी डॉ कठेरिया का पूरा सहयोग करते हुए 22 से लेकर 30 जून तक कार्यमुक्त नहीं किया। इस तरह 2 जुलाई को नए सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा के द्वारा डॉ कठेरिया के कार्यमुक्त आदेश के बाद खुजनेर मूल पदस्थापना पर जाने के सारे रास्ते साफ हो गए। पर आज 8 दिन होने को है डॉ कठेरिया ने गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुए न ही जिला मुख्यालय छोडा न ही खुजनेर में स्वास्थ्य सेवाएं दी।

### बीएमओ खुजनेर बोले नहीं है कोई सर्जन, डॉ कटेरिया ने नहीं किया ज्वाइन

50 गांवों से ज्यादा को आपने आंचल में समेटे सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र खुजनेर के हाल यह है कि यदि यहां पर कभी कोई एमरजेंसी हो जाए तो या तो उन्हें अपनी जान बचाने के लिए शाजापुर जाना होता है। एन एच 752 निकलने के कारण यहां पर कई बार बडें हादसे हुए है जिनमें कई परिवारों ने अपनों को खो दिया है । ऐसे में यदि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में सर्जन उपलब्ध होते तो उनका समय पर प्राथमिक उपचार हो पाता और शायद कुछ जिंदगीयां डॉ कठेरिया के उपचार के बाद बचाई जा सकती थी।

### नियमानुसार होंगे काम

अभी तो समय है क्वार्टर खाली करवाने मे। नियमानुसार सारे काम किए जा रहे हैं।

**डॉ किरण वाडीवा,**
सीएमएचओ राजगढ़

# पहली पत्नी के होते हुए इंदौर से दूसरी पत्नी लाया पति, मामला दर्ज किया

## पहली पत्नी परिजनों के साथ दूसरी महिला को पकड़कर थाने ले गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

शहर में एक अजीब मामला सामने आया है। हार्डवेयर व्यवसायी एक 45 वर्षीय युवक ने पहली पत्नी के होते हुए बिना तलाक दिए दूसरी पत्नी से नोटरी कराकर लीव इन रिलेशनशिप के तहत दूसरी पत्नी को ले आया। जिसकी शिकायत स्थानीय थाने में पहली पत्नी ने दर्ज कराई। नगर में यह मामला सामने आया जिसमें नगर के पुलिस थाने के सामने रहने वाले व्यवसायी पंकज गुप्ता ने पहली पत्नी के होते हुए दूसरी पत्नी लाया। पहली पत्नी को उक्त घटना क्रम की जानकारी मिलते ही मामले ने तुल पकड लिया। बृजबाला नामक पहली पत्नी पुलिस थाने पहुंची जहां पर पुरे घटनाक्रम से पुलिस को लिखित जानकारी देते हुए न्याय की गुहार लगाई। इसी बीच इस मामले में नया मोड़ आया जब पति पहली पत्नी की बात नहीं मानने पर राजी हुआ तो बृजबाला के मायका परिवार की महिलाएं जीरापुर पहुंची। जहां पर दुसरी पत्नी को थाने ले आई। पंकज गुप्ता ने हाल ही में नवीन मकान बंसल कालोनी में बनाया। जिसका उद्घाटन भी दो दिन पुर्व किया था

### बेटी ने जमानत खारिज कराई

उसी मकान में दुसरी पत्नी को रखा था। जहां पर पहली पत्नी और कुछ महिलाओं ने पहुंचकर दुसरी पत्नी कि पिटाई करते हुए पुलिस थाने लाकर शिकायत दर्ज कराई। मुख्य बात यह है कि पंकज गुप्ता के एक सतृह वर्षिय पुत्री और एक पुत्र है। पुलिस ने 151 के तहत पति पर मामला पंजीबद्ध किया तथा बेटी की आपत्ति पर पंकज को जेल भेजा गया। पहली पत्नी बृजबाला गुप्ता की 19 वर्ष पहले पंकज से शादी हुई थी पति पंकज कई सालो से उसके साथ मारपीट करता है साथ ही बच्चों को भी प्रताड़ित करता है। इस आशय का लिखित आवेदन भी बृजबाला ने पुलिस को दिया जिसमें सांस ससुर जेठानी कि भी शिकायत दर्ज कराई। पूर्व में भी दो बार शिकायत करने थाने भी गई पर घर वालों ने समझा बुझाकर उस दौरान मामले को खत्म किया था। इसी बीच पंकज दूसरी महिला को लेकर आया और नवनिर्मित मकान में रखा जिसकी जानकारी पहली पत्नी बृजबाला को लगी थी ओर उसने इस बात का पुरजोर विरोध किया लेकिन पंकज गुप्ता ने पहली पत्नी कि बात को नजरंदाज कर दिया। थाना प्रभारी रामकुमार भगत ने बताया की पति पंकज पर धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई है तथा पंकज द्वारा लाई गई दूसरी महिला रीना इंदौर ने भी पुलिस को आवेदन देकर न्याय कि मांग की।

### विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 जुलाई से 3 अगस्त तक

*राजगढ़। सर्वोच्य न्यायालय के निर्देषानुसार आगामी 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने बताया कि उक्त विषेष अदालत में सर्वोच्य न्यायालय में लंबित समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा। प्रधान जिला न्यायाधीष राजीव आपटे ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित ऐसे राजीनामा योग्य प्रकरणों जो जिला राजगढ़ के क्षेत्राधिकार अंतर्गत उद्धुत हुए हैं। ऐसे प्रकरणों में पक्षकारों के साथ प्रीसिटिंग बैठकें आयोजित की जाकर सुलह-समझौते की कार्रवाई संपादित की जा रही है। स्थानीय समस्त विभागों की आरे से पत्र प्रेषित कर उनके विभाग से संबंधित लंबित प्रकरण के निराकरण हेतु आवष्यक कार्रवाई किए जाने हेतु निर्देषित किया है कि ऐसे पक्षकर जिनका प्रकरण कई वर्षों से सर्वोच्य न्यायालय में लंबित है, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ अथवा राष्ट्रीय टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर निःशुल्क लाभ ले सकते हैं।*

**आरोपी ने गौवंश से की थी गलत हरकत**

# घिनौना कृत्य, आरोपी को जूते-चप्पल पहना निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जीरापुर थानाक्षेत्र के गागोरनी गांव निवासी एक युवक ने नशे की हालत में घिनौना कृत्य कर डाला। युवक ने एक गौ वंश के साथ गलत काम किया। जब यह बात स्थानीय लोगों और हिन्दू संगठन के लोगों को मालूम हुई तो वे आक्रोषित हो उठे। नाराज लोगों ने आरोपी युवक रामलाल का मुंह काला किया और उसे जूते-चप्पलों की माला पहनाकर पूरे गांव में जुलूस निकाला। स्थानीय लोगों ने मामले में थाने पहुंचकर लिखित शिकायत भी की। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। उधर, टीआई रामकुमार भगत का कहना है कि गांव के रामलाल ने गाय के साथ गलत हरकत की है जिस पर कार्रवाई जारी है। जूलूस निकालने के संबंध में उन्हें जानकारी नहीं है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियानः पुलिस कॉलोनी में 101 पौधे रोपकर की अभियान की शुरुआत

**नरसिंहगढ़।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पुलिस कॉलोनी में पौधारोपण किया गया। विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा थाना प्रभारी शिवराज सिंह की चौहान की मौजूदगी में परिसर में 101 पौधे लगाकर अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान थाना प्रभारी ने प्रत्येक पुलिसकर्मी को अभियान अंतर्गत पांच पौधे लगाने के निर्देश दिए। विधायक प्रतिनिधि ने भी पर्यावरण सुरक्षा के संकल्प को दृष्टिगत रखते हुए सभी से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की गई। इस दौरान कपिल वैध सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे।







### विधायक मोहन शर्मा ने किया जिले के प्रथम आईएसओ थाने का भ्रमण

**कुरावर।** बीते रविवार को राजगढ़ जिले में प्रथम के पुलिस विभाग के कुरावर थाने को स्वच्छता सुव्यवस्थित रखरखाव पीड़ितों के उचित बैठने की व्यवस्था को लेकर भोपाल के आई.एस.ओ विभाग ने जिला पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के द्वारा थाना प्रभारी मेहताब सिंह को आई.एस.ओ का प्रमाण पत्र भेंट किया था। वहीं सोमवार शाम को क्षेत्र विधायक मोहन शर्मा भी थाने का भ्रमण करने पहुंचे जहां उन्होंने निरीक्षण कर पाया कि राजगढ़ जिले में कुरावर थाने को सभी सुव्यवस्थित मानको के आधार पर प्रथम बार यह प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है या हमारे नरसिंहगढ़ क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है। इस मौके पर थाना प्रभारी मेहताब सिंह सहित पुलिस स्टाफ एवं उनके साथ इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह भदोरिया आदि उपस्थित थे।

# 3 माह से वेतन न मिलने पर पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

## बच्चों की फीस व लोन की किस्तें ओवर डयू होने से बढ़ रही है परेशानी



**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ की जिला ईकाई ने तीन माह से वेतन न मिलने पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए समय पर वेतन भुगतान की बात कही। पटवारी संघ अध्यक्ष राधेश्याम अहिरवार ने बताया की पटवारियों की अप्रैल, मई और जून की वेतन डयू चल रही है और जुलाई की भी 10 तारीख हो गई है। ऐसे में जबकि बच्चों के प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं और उनकी फीस व मकानों के लोन की किस्त ओवर डयू हो रही है। इस आर्थिक संकट के कारण परिवार की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में सख्त चेतावनी देते हुए पटवारियों ने कहा है कि हमारी वेतन का भुगतान शीघ्र अति शीघ्र करा जाए यदि ऐसा नहीं होता है तो पटवारी संघ आंदोलन करने पर बाध्य होना, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# निर्माणाधीन तीन मंजिला भवन धराशायी एक मजदूर के फंसे होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



नगर के राजगढ़ बायपास चौराहा क्षेत्र शिवधाम कॉलोनी के समीप नदी किनारे निर्माणाधीन तीन मंजिला मकान मंगलवार देर शाम धराशायी हो गया, जिसमें एक मजदूर के दबे होने की आशंका हैं, जबकि एक को गंभीर अवस्था में सिविल अस्पताल पहुंचाया हैं। घटना के बाद रेस्क्यू टीम, जेसीबी, क्रेन आदि मौके पर पहुंच गए, वहीं कलेक्टर और एसपी भी मौके पर पहुंच गए हैं। जानकरी के मुताबिक शिवधाम कालोनी के पास अजनार नदी के किनारे एक तीन मंजिला मकान उस समय गिर गया, जब उसकी छत डाली जा चुकी थी। छत डालने के बाद मजूदर बाहर निकल गए थे, लेकिन कुछ मजदूर अंदर ही हाथ-पैर धो रहे थे कि भर भराकर मकान धराशायी हो गया, जिसमें एक मजदूर के दबे होने की बात कही जा रही हैं, जबकि एक को बाहर निकाल लिया गया हैं, जिसकी हालत नाजुक बनी हुई हैं। घटना के बाद से ठेकेदार और मकान मालिक फरार बताए जा रहे हैं। घटना घटित होने के बाद जैसे ही लोगों को जानकारी लगी, वहां पर हुजूम लग गया और रेस्क्यू टीम मलवा हटामें जुटी रही। जेसीबी, क्रेन आदि से मलवा हटाने का कार्य समाचार लिखे जाने तक जारी था। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया है। कलेक्टर हर्ष दीक्षित, एसपी आदित्य मिश्रा, एसडीएम गीतांजलि शर्मा, तहसीलदार, थाना प्रभारी देहात गोविंदसिंह मीणा, सिटी थाना प्रभारी वीरेंद्रसिंह धाकड़मौके पर पहुंच गए और मलवा हटवाने में लगे रहे।

# मेले में अपराध को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे 5 लोगों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मानोरा मेले में अपराध को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी हरेंद्र कुशवाह पिता मोहन कुशवाह उम्र 19 साल निवासी मोहनपुर थाना ग्यारसपुर, दीपेश अहिरवार पिता मोबत सिंह अहिरवार उम्र 19 साल निवासी मिर्जापुर थाना सिविल लाइन विदिशा, अज्जू आदिवासी पिता प्रकाश आदिवासी उम्र 20 साल निवासी मिर्जापुर थाना सिविल लाइन विदिशा, गोलू लोधी पिता कालू लोधी उम्र 19 साल निवासी राहतगढ़ सागर और अंकित कुशवाह पिता बलराम कुशवाह उम्र 18 साल निवासी राहतगढ़ जिला सागर को पुलिस ने दबोचा है। पुलिस को सूचना मिली की मेला ग्राउंड में कुछ लोग मेले में आए लोगों से अभद्रता कर रहे हैं एवं किसी प्रकार की घटना को अंजाम दे सकते हैं। जिन्हें एंटी थीफ स्क्वाड एवं ग्यारसपुर पुलिस द्वारा मौके पर जाकर अभिरक्षा में लिया लिया गया ताकि किसी भी प्रकार की कोई कोई घटना घटित न हो।

# अभाविप के 76वें स्थापना दिवस पर रोपे अनेक पौधे, सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 76वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर स्थानीय लीड महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अभाविप के कार्यकर्ताओं ने परिसर में विभिन्न किस्मों के अनेकों पौधे रोपकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण की महत्ता प्रतिपादित करते हुए उपस्थितों से आव्हान किया कि सभीजन अपने घरों व उचित स्थानों पर दो पौधे अवष्य रौपें साथ ही पौधों के पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करें। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य आर.के. शर्मा, अभाविप विभाग संगठन मंत्री धमेंद्र दांगी सहित कई कार्यकर्ता, विद्यार्थी उपस्थित थे।

# शपथ ग्रहण कर लौटे कैबिनेट मंत्री रामनिवास रावत का किया स्वागत

## स्वागत करने भाजपा कार्यकर्ता व नागरिक हुए एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा




प्रदेश सरकार के मुखिया मोहन यादव की सरकार में कैबिनेट मंत्री की शपथ लेकर अपने गंतव्य विजयपुर की ओर लौटे नवांगत मंत्री रामनिवास रावत को क्षेत्र के बारवां जोड़ स्थित सिद्वी विनायक कान्वेंट स्कूल में सरपंच दिनेश मीणा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता, क्षेत्र के ग्रामीणजन और आम नागरिकों ने जोरदार स्वागत सत्कार किया।

मंत्री रावत के हाईवे पहुंचते ही ढोल-डमकों के साथ आतिशबाजी की गई। साफा बांधा गया और पुष्पहारों से स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत रावत ने कहा कि मुझे जो जबावदारी मिली हैं, उसका निर्वहन आम जनता की भलाई और प्रदेश के विकास के लिए कार्य करूंगा। स्वागत करने के दौरान सरपंच दिनेश मीणा सहित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जशवंतसिंह गुर्जर, समाजसेवी मांगीलाल पटेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष केएल गुर्जर, धर्मशाला अध्यक्ष रामगोपाल नेताजी, जगदीश साहू, मोहन दांगी, रामनिवास मीणा, राजू मीणा, दिनेश पलासी, हरीश, गोविंद मीणा, संतोष राव, गोवर्धन दांगी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। वहीं रावत का नगर के गुना बायपास पर सरपंच विष्णुप्रताप सिंह मीणा कड़ियाहाट, रामहेत मीणा सरपंच गिंदोरमीणा व अन्य लोगों द्वारा पुष्पहारों से स्वागत किया गया।

**'पौधे लगेंगे तो निश्चित ही धरती मां का श्रृंगार होगा'**

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तहसील परिसर में राज्य मंत्री टेटवाल ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा धरती मां को हरा भरा बनाने एवं पर्यावरण को सुरक्षित करने के उद्देश्य को लेकर समाज के हर वर्ग एवं राजनेतिक दलों एवं प्रशासनिक अधिकारी जन प्रतिनिधि आमजन से आवाह्न किया की धरती मां को हरा भरा बनाने में अपनी अहम भूमिका अदा करें। आप सब एक पेड़ अपनी मां के नाम जरूर लगाएं, ताकि आने वाली पीढ़ी उस पेड़ को देखकर अपने पूर्वजों की याद ताजा बनी रहे। साथ ही धरती मां का श्रंगार भी होता रहे। प्रधानमंत्री मोदी के इस संकल्प को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री सहित आम जन एवं प्रशासनिक अधिकारी ने भी अपने कदम बढ़ाते हुए एक पेड़ मां के नाम लगाने में आगे आ रहे हैं।

इसी को लेकर सोमवार को तहसील सभा गृह में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उस दौरान स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने वृक्षारोपण एवं न्याय साहिता के बारे में जानकारी दी। इसके बाद तहसील परिसर में पौधा रोपण किया इसके पूर्व तहसील परिसर में तहसीलदार मनोज शर्मा द्वारा राज्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर एसडीओपी अरविंद सिंह थाना प्रभारी संतोष बघेल भाजपा नेता निर्मल जैन सहित समस्त पटवारी उपस्थित रहे।



### सभी पटवारी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाएंगे

*प्रतिवर्ष बारिश के दिनों में वृक्षारोपण फोटो तक सीमित हो जाता है लेकिन इस बार जो वृक्षारोपण हो रहा है वह हकीकत में धरातल पर दिखने की कगार पर पहुंचने के उद्धेश्य से एक पेड़ अपने मां के नाम लगाने का जो संकल्प चल रहा है उसमें सारंगपुर के सभी पटवारी अपने-अपने नाम अपनी-अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाएंगे और पेड़ के साथ ट्री गार्ड भी होगा ताकि पेड़ जीवित रहे। वही सभी पटवारी को अपने-अपने हलके में 200 पेड़ लगाने का लक्ष्य दिया है उसे भी पूरा करने में पटवारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधि को वचन दिया है । सारंगपुर तहसील में लगभग सभी विभाग सरपंच जनप्रतिनिधि आम जन को मिलाकर सवा लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है हकीकत में अगर यह पौधे लगेंगे तो निश्चित ही धरती मां का श्रृंगार होगा।*

**खबर संक्षेप**

### मौसी के घर पधारे भगवान जगन्नाथ



**आष्टा।** भगवान श्री जगन्नाथ के अपनी मौसी के यहां पधारने पर भगवान जगन्नाथ के आनंद धाम पर संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित कन्हैया लाल शर्मा ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दौरान ध्रुवजी के चरित्र व भक्त प्रहलाद, राजा जड़ भरत के चरित्र की विस्तार से कथा सुनाई। कथा के दौरान भक्ति के लक्षण, संतों का प्रेम, भागवत सत्संग से क्या लाभ है आदि को लेकर विस्तार से बताया। धर्माधिकारी गजेंद्र शर्मा ने बताया कि आनंद धाम पर 8 से 14 जुलाई तक दोपहर में 2 बजे से शाम 5 बजे तक पंडित भवानी शंकर शर्मा के निवास आनंद धाम आष्टा पर कथा का आयोजन किया गया है।

### बाबा का सम्मान कर लिया आशीर्वाद




**आष्टा।** टिकोन वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध संतश्री का कॉलोनी चौराहा पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में स्वागत सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। टिकोन वाले बाबा साहब ने अपने भक्तों का स्वागत सम्मान स्वीकार करते हुए कहा कि आष्टा नगर सचमुच में आस्था नगर है। यह आस्थावान नगरी समरसता, सद्भाव व आस्था से सराबोर नगरी है। इस अवसर पर पार्षद रवि शर्मा, सुदीप जायसवाल, नीलेश खंडेलवाल, बसंत पाठक, मोहनबाबू शर्मा, डॉ. कैलाश शर्मा, बबलू शर्मा, आनंद गोस्वामी, संदीप सोनी सहित अन्य भक्तगण मौजूद थे। संतश्री का स्वागत चल समारोह नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के निज कार्यालय से प्रारंभ हुआ जो प्रमुख मार्गों से होकर निकला।

मेंटनेंस के नाम पर घंटों कटौती के बाद भी बदहाल बिजली व्यवस्था

# प्रतिदिन गुल हो रही नगर की बिजली विद्युत विभाग के प्रति लोगों में आक्रोश

बारिश का मौसम बनते ही जरा सी हवा चलने के बाद बिजली कंपनी के जिम्मेदार बिजली सप्लाई बंद कर देते है। कई बार तो अघोषित बिजली के कारण रहवासियों को घंटो अधेरे में रहना पडता है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

बिजली विभाग नगर में 24 घंटे बिजली सप्लाई करने का दावा जरूर करता है, लेकिन हकीकत कुछ और है। बिजली कटौती से परेशान नगर के लोगों को गर्मी में तो होती ही है पर बारिष के समय और भी दिक्कत हो रही है। नगर में इन दिनों घंटों बिजली की कटाती की जा रही है। जरा सी हवा आंधी व बारिश होते ही बिजली गुल कर दी जाती है। बिजली विभाग डिमांड के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं कर पा रहा है। ऐसे में लोगों को अघोषित कटोंती से जूझना पड रहा है। इसके अलावा अनेक स्थानों पर फॉल्ट आने के कारण भी घंटों बिजली गुल रहती है। वहीं बिजली निगम के अधिकारियों द्वारा वाटस्प ग्रुप में कटोती की सुचना दिन में कई बार देकर पल्ला झांड़ लेते है। नगर में बिजली का लोड अधिक होने के कारण नगर के कई वार्डो में 4 नये ट्रांसफार्मर लगाकर चालु किये गये है इसके बाद भी नगर की बिजली बार बार पर कटती है।

वही दूसरी और विद्युत विभाग की अंधेदेखी के कारण बार-बार बिजली बंद होने की समस्या बड़ती जा रही है हकिमाबाद से जावर आई बिजली की 33 केबी लाईन कभी फाल्ट होना, तो कभी ट्रांसफार्मर जलना और तो और झुलते तार के फाल्ट होने के कारण विद्युत कर्मचारियों द्वारा जावर नगर सहित क्षेत्र की बिजली सप्लाई बार-बार बंद करना आम बात हो गई। दिन तो दिन रात में भी कई बार बिजली का आना-जाना लगा रहता है। उमश के कारण लोग जहां परेशान है वही बिजली के बार-बार चले जाने के कारण लोग घरो के बहार देर रात्री में बिजली आने का इंतजार करते रहते है और बिजली कर्मचारियों को कोसते नजर आते है। जब भी नगर में हवा आंधी चलती है तो हकीमाबाद से जावर आई 33 केबी फाल्ट हो जाती है। जिसका फाल्ट ढुंडने के लिए बिजली कर्मचारियों को घंटो लग जाते है। जबकि बिजली विभाग बारिश के पुर्व मेंनटेंस के नाम पर पुरे दिन बिजली बंद रखती है क्योकि बारिश के समय झुलते तार व झुके हुए खम्बो को दुरूस्त किया जाता है। उसके बाद भी बिजली विभाग हमेशा हवा आंधी के चलते बिजली सप्लाई नगर में घंटो बंद कर देते है।

# नगर के प्रमुख चौराहों का नहीं हुआ कायाकल्प

**आए दिन बिगड़ रही ट्रैफिक व्यवस्था**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा शहर के प्रमुख चौराहों का अभी तक कायाकल्प नहीं हो सका है। इससे नगर की ट्रैफिक व्यवस्था भी बिगड़ रही है। नगरवासियों का कहना है कि अगर इन चौराहों का कायाकल्प हो जाता है तो सुंदरता के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था भी ठीक हो सकती है। बता दें कि शहर में विभिन्न मार्गों पर 12 से भी अधिक चौराहे हैं, लेकिन उनका विकास नहीं हो सका है। इधर चोराहों का विकास नहीं होने से ट्रैफिक व्यवस्था भी बिगड़ रही है। इस कारण आए दिन चौराहों पर जाम लग जाता है।

### इन चौराहों का नहीं हुआ कायाकल्प

नगर के राजू सेन ने बताया कि शहर के सब्जी मंडी मार्ग, पुराना बस स्टैंड, अलीपुर चौराहा, इंदौर नाका चौराहा, भोपाल नाका चौराहा, अस्पताल चौराहा, कॉलोनी चौराहा, अदालत चौराहा सहित कई चौराहे दुर्दशा का शिकार है। उन्होंने बताया कि अगर नगर पालिका इन चौराहों का कायाकल्प कर दें, तो सुंदरता के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था भी सुधर जाएगी।

### चौराहों का होगा विकास

मामले पर नपा अध्यक्ष हेमकुंवर राय सिंह मेवाड़ा ने बताया कि शहर के विभिन्न चौराहों का जल्द ही कायाकल्प किया जाएगा। यह हमारी योजना में शामिल है। चौराहों पर व्यवस्थाए की जाएगी। सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया कि चौराहों का कायाकल्प किया जाएगा ताकि चौराहे सुंदर नजर आए।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी ने सीएम राइज विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



सीएम राइज शासकीय उमावि जावर के नवीन भवन और शाला का औचक निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने किया। निरीक्षण के दौरान नवीन भवन के निर्माण की स्थिति का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात विद्यालय परिसर में एक पौधा मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण भी किया गया। पौधरोपण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, सांख्यिकी अधिकारी एच एस निमंजे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी व सेवा निवृत संकुल प्राचार्य दिनेश चंद्र बाहेती, सीएम राइज प्राचार्य नितिन कुमार कौशल, उप प्राचार्य अजय कुमार मिश्रा, नरेश पॉल, लोकेंद्र ठाकुर, कमलेश खत्री, मार्क्स केरकट्टा सहित संस्था के छात्र- छात्रा और स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# स्कूलों में लगाए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शास्त्री निकेतन विद्यालय में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा आठवीं से लेकर 12वीं तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं जांच के लिए सैंपल कलेक्शन किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित माथुर के सानिध्य में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न किया गया जिसमें समस्त छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं स्टाफ ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया जिसमें डॉक्टर अमित माथुर द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य के बारे में भी बताया गया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना भी की जिसमें लैब से देवकरण सिंह, लैब टेक्नीशियन प्रद्युम्न वैद्य, आयुष्मान राहुल मालवीय, लैब टेक्नीशियन संदीप जाट, लैब टेक्नीशियन एवं विटीन पाटीदार, ज्ञान सिंह,शास्त्री विद्या निकेतन के प्रभारी जयंत बिलोर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# एक पेड मां के नाम के संकल्प के साथ किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्य साईं प्रौद्योगिकी और चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, के मैनेजमेंट विभाग द्वारा विश्वविद्यालय में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. सौजन्य श्रीवास्तवा, विभागाध्यक्ष प्रदीप माहेश्वरी, आशुतोष फरेला, प्रियंका फरेला, छात्र-छात्राएं, सम्मिलित होकर पर्यावरण संरक्षण और हरित कार्यों के प्रति अपनी सक्रिय भागीदारी दर्शाई। इस उत्सव में नए पौधे लगाए गए और वातावरण संरक्षण के महत्व पर जागरूकता फैलाई गई। इस अद्वितीय पहल के माध्यम से हमने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी साझी जिम्मेदारी को साबित किया है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### ऋण की बकाया राशि 31 तक जमा करे

**नर्मदापुरम।** म.प्र पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम, भोपाल द्वारा वर्ष 1995-96 से पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्गो के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालें परिवारों को विभिन्न गतिविधियों में ऋण का वितरण किया जाता रहा है। जिला नर्मदापुरम में म.प्र पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम, भोपाल द्वारा पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण के हितग्राही को ऋण वितरण किया गया है। पिछडा वर्ग के ऋण में रु 129 लाख की राशि बकायादारो से वसूल की जाना है और अल्पसंख्यक वर्ग के ऋण में रु 32 लाख की राशि बकायादारो से वसूल की जाना है।

# जेडी के निरीक्षण के दौरान स्कूल में लटकता मिला ताला, छात्राएं बैठी थीं बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



बुधवार को शिक्षा विभाग की संयुक्त संचालक और उपसंचालक क्षेत्र के स्कूलों में पहुंची, जहां स्कूलों में ताला डला मिला। जिस जेडी भावना दुबे ने नाराजगी जाहिर कर स्कूल के गेट पर बच्चियों के साथ बैठकर स्कूल खुलने का इंतजार किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोलरिया एवं रेसलपुर के स्कूल में ताला मिला।

दोनों अधिकारी भावना दुबे संयुक्त संचालक एवं ज्योति प्रहलादी उपसंचालक ने समस्त स्टाफ का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिसरोद में साफ सफाई के निर्देश दिए जारी किए।

शासकीय हाई स्कूल देशमोहनी में बच्चों को बढ़ाए जाने पर जोर देने की बात कही। जेडी भावना दुबे ने बताया कि लगातार निरीक्षण किया जाएगा, सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचे, नियम अनुसार अध्यापन का कार्य करना सुनिश्चित करे। अगर आगामी निरीक्षण में पुनरावृति होती है तो ,एक वेतन वृद्धि रोकने के प्रस्ताव भी वरिष्ठ कार्यालय को भेजे जाएंगे।

### कृषि उपज मंडी में मिला युवक का शव

**इटारसी।** शहर की कृषि उपज मंडी में बुधवार को एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। युवक पहचान भोपाल निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू पिता मनोहर उम्र 32 के रूप में हुइ्र है। यह भोपाल के वार्ड नंबर 56 हूजुर का रहने वाला है। जीतू जीवन ट्रांसपोर्ट में क्लीनिर का काम करता है जो ड्रायवर के साथ इटारसी आया था। रात में ड्रायवर उसे वहीं छोड़कर अपने घर चला गया था। सुबह लोगों ने उसका शव देखकर पुलिस को खबर की। पुलिस ने ट्रांसपोर्ट संचालक के माध्यम से परिजनों को सूचना पहुंचाई गई है।उनके आने के बाद गुरूवार को पीएम होगा।

प्रमाण सागर के तीन बार आने से जैन समाज ने तीन उपलब्धियां प्राप्त की

# महेंद्र जैन जादूगर ने चौथी सराहनीय पहल की: प्रणाम सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुझे इस बात की खुशी है कि जब-जब में इस आष्टा की पावन धरा पर आया हूं, तब तक महेंद्र जैन जादूगर ने एक अलग ही नई प्रेरणा की अलख जगाने का काम किया है। इस बार उन्होंने समाज के असहाय लोगों के लिए सा- धार्मिक भक्ति की पहल की है, जो निश्चित ही हर क्षेत्र में की जाना चाहिए । पहली बार आष्टा आया था जब हिंसा से बचने हेतु दिन में शादी का भोजन कराने अहिंसा का जय घोष कराया था। दूसरी बार में निर्माण दोष से बचने हेतु प्रभावना प्रबंधन की दान पेटी मंदिर में रखाई थी ।तीसरी बार द्रव्य के दुरुपयोग से बचने हेतु समाजजन के सहयोग से मंदिर जी का चढ़ा द्रव्य चावल आदि माली से लेकर पशु ,गौशाला एवं पक्षियों के लिए भेज देते हैं । चौथा हम ऐसा कौन सा काम करें जिससे आत्मा ,समाज और देश की उन्नति हो सके। इसके लिए महेंद्र जैन जादूगर ने साधार्मिक भक्ति की पहल की।

उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर शंका समाधान एवं श्री सम्मेद शिखरजी महातीर्थ पर गुणायतन प्रणेता मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने शंका समाधान कार्यक्रम में प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहीं। मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने कहा जब शरीर भी तुम्हारा नहीं तो फिर परिवार कैसा। जीयो आत्म कल्याण के लिए। खुदके होकर जियो,पर के लिए नहीं।मोह में जीने वाला अपनी अंतरात्मा को नहीं पहचान पाया है। व्यक्ति माला के पीछे नहीं माल के पीछे भाग रहा है। मुनिश्री ने कहा यह जीवन नश्वर है। मरने के पहले अमर बन जाओ,चिता जले उसके पहले चित्त को जगा लो। पहले श्मशान में थोड़ी बहुत त्याग की बात होती थी और आज वहां भी हंसी ठिठोली करते हैं। आत्मा से अनुराग जोड़े,एक तिनका भी साथ नहीं जाएगा, जोड़ना है तो वह जोड़े जो साथ जाएंगा,वह है धर्म।धन, वैभव यही रह जाएगा,गुण वैभव जोड़े, दृष्टि को बदलें, अपनी सिर्फ आत्मा है। मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने कहा किसी की भी कमी सबके सामने न बताएं,उसकी अच्छाई के साथ कमी दिखाएं। अपनी बेटी बड़े नगरों में देना चाहते हैं और अपने यहां बहू को लाना चाहते हैं,यह कैसे संभव है,अपनी मानसिकता बदलना होगी। मुनिश्री ने कहा जीवन हमारे निर्माण का साधन है,साधक नहीं। व्यक्ति की पहचान चेहरे से नहीं चरित्र से होती है। आदमी के चरित्र को पहचान कर काम करे। मुनिश्री ने शंका समाधान कार्यक्रम में काल सर्प योग के प्रश्नोत्तर में कहा कि 55 साल पहले किसी ने इसे निजात किया है।हाथ कंगन को क्या आरसी। भगवान की भाव भक्ति से आराधना करों, सारे कष्ट दूर होंगे।काल सर्प योग वाले मुकेश अंबानी, सचिन तेंदुलकर सहित अनेक लोगों को काल सर्प योग लेकिन आज वे पूरे देश ही नहीं विश्व में प्रसिद्ध है। मुनिश्री ने कहा 36 गुण मिलाकर शादी करने वाले के आज 36 का आंकड़ा चल रहा। आज पहले जन्म पत्रिका बन रही, बच्चे बाद मे जन्म ले रहे हैं। प्रपंचों में न उलझें। महापुरुषों का जन्म पुण्य भूमि पर होता है। यह देव भूमि है। यहां तीर्थंकरों और महापुरुषों का जन्म हुआ है। जब भी मौका आए में नहीं हम का उपयोग करें। धर्म क्षेत्र पर सिर्फ धर्म की ही चर्चा होनी चाहिए।हिरण और शेर अपने अपने लिए जीते हैं। अनेक बार शेर भूखा भी रहता है। निर्वेग सागर महाराज का प्रश्न चरणों की रज का महत्व है या चरण स्पर्श का। चरणों और चरण रज दोनों का महत्व मुनिश्री ने बताया। चरण आचरण का प्रतीक। चरणों में इसीलिए शीर झुकाते हैं। गुरु के चरण स्पर्श कर उनकी ऊर्जा मिलती है।होश मत खोइए,चरण रज से हम अपने जीवन में बहुत कुछ प्राप्त कर सकते हैं गुरु की रज शिष्य के मस्तिष्क पर चंदन के समान है। पूर्वाग्रह के कारण अच्छाई नहीं दिखती है। बच्चों को पाठशाला में थोपें नहीं। उन्हें धर्म आराधना सिखाए




# स्वयं का विवेक जागृत किए बिना कल्याण असंभव: संजय भैय्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

व्यक्ति को अपना कल्याण करना है तो स्वयं का विवेक जागृत करना होगा।प्रथमानुयोग पड़ने से धर्म के प्रति श्रद्धा बनती है,छोटे -छोटे दृष्टांत से हम धर्म के प्रति लोगों को सजग कर सकते है।संसारी जीव समझ नही पाता कि हमारा वैभव कितना है, हमारे अंदर भी कितनी शक्ति विद्यमान है ,जिसके पास स्वयं का अंदर का ज्ञान नही है ,उनके लिए शास्त्र भी कुछ करने वाले नहीं है। उक्त आशय के उदगार श्री नेमिनाथ जिन मंदिर में चल रहे धर्म सभा के दौरान ब्रह्मचारी संजय भैय्या ने व्यक्त किये ।उन्होंने बताया कि स्वयं का विवेक जागृत किए बिना कल्याण असंभव है ,चाहे कितने ही शास्त्र पढ़ लो, बिना विवेक बुद्धि के कुछ भी नही होता। शास्त्र कुछ नहीं कर सकते हैं। ब्रह्मचारी संजय भैय्या ने कहा केवल शास्त्र को प्रतिदिन अर्घ्य चढ़ाने से कुछ नही होगा, जब तक हम उन्हें विवेक पूर्वक अध्ययन नही करते ज्ञान का फल क्या है। ज्ञान का फल हित की प्राप्ति ओर अहित का परिहार जिससे होता हो वही सच्चे ज्ञान का फल है। छहढाला में आत्मा का हित बहुत अच्छे से बताया गया है ।आकुलता मोक्ष में नही है, हमें मोक्ष मार्ग में ही लगे रहना चाहिए ।जीव का पूर्ण रूप से स्व हित में लग जाना ही धर्म आराधना है।हम प्रतिदिन मन्दिर आते है, पूजा पाठ करते हैं और अज्ञानी प्राणी अर्थ ध्यान में निरन्तर लगा रहता हैं ,वे मूर्ख जीव कहलाते है।वे इस लोक में ओर परलोक में अपने हित को प्राप्त नही कर पाते है। आपने कहा कि तत्वार्थ सूत्र ग्रंथ में बताया गया है कि धर्म ध्यान और शुक्ल ध्यान मोक्ष में कारण है।ओर शुरू के दो ध्यान आर्त ध्यान और रौद्र ध्यान संसार के कारण है ,जिसकी बुद्धि और ध्यान अच्छा होगा वह इन दोनों ध्यान से बचने का प्रयास करते है ।